# ग्राम पंचायत शिवनाथ, विकास खण्ड देहरा जिला काँगड़ा, हि• प्र• –177117 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

भाग–एक

## 1. प्रस्तावना

**(क)**ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत शिवनाथ, विकास खण्ड देहरा, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा प्रथम बार संचालित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रंजना देवी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री राजेश कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती नीलम कुमारी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री सतीश कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**(ग)गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

ग्राम पंचायत शिवनाथ के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:–

| क्र0 सं0 | पैरा सं• | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 0.09 |
| 2 | 4.2 | अनुदान 14वां वित्तायोग के अन्तर्गत शेष बची राशि को | 2.64 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | ग्राम पंचायत द्वारा सभा निधि में अनियमित हस्तातंरण करना | |
| 3 | 6 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 22.53 |
| 4 | 7 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.16 |
| 5 | 8 | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाकर पंचायत निधि में अनियमित रूप से जमा करवाना | 0.06 |
| 6 | 9.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 0.29 |
| 7 | 9.2 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 7.87 |
| 8 | 9.3 | खनन सामग्री बिलो के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान करना | 7.69 |
| 9 | 10 | निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे | 4.57 |
| 10 | 11 | चयनिम माह में कृत व्यय के समर्थन में बिल/वाउचर अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 0.08 |
| 11 | 12 | आमन्त्रित निविदाओं में अनुमोदित निविदा दर की तुलना में अधिक दर से भुगतान के कारण अधिक भुगतान करना | 0.01 |

## भाग—दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत शिवनाथ के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 20.01.2025 से 29.01.2025 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीम वाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022—23 | 02 / 2023 | 05 / 2022 |
| 2023—24 | 09 / 2023 | 06 / 2023 |

**अस्वीकरण (Disclaimer) :—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना / अभिलेख के अपूर्ण / गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः—**

ग्राम पंचायत के अवधि 01 / 04 / 2022 से 31 / 03 / 2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600 / — आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट / मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा / अ.वृ.का. / 2025 / 73 दिनांक—29. 01.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः—राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ.वृ.का. / 2025 / 47 दिनांकः—20.01.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट—1** में भी दिया गया हैः—

1.स्व—स्त्रोतः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 401603.65 | 492176.80 | 893780.45 | 63096.80 | 830683.65 |
| 2023-24 | 830683.65 | 78813.00 | 909496.65 | 65912.00 | 843584.65 |

2.अनुदानः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 3084862.00 | 3999104.00 | 7083966.00 | 4731450.90 | 2352515.10 |
| 2023-24 | 2352515.10 | 1893425.00 | 4245940.10 | 1993326.00 | 2252614.10 |

**कुल योग** (1+2)843584.65+**2252614**.10=**3096198.75**

## (ख) बैंक समाधान विवरणीः—

दिनांक 31.03.2024 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹3096198.75 तथा प्रस्तुत बैंक खातों/हस्तगत राशि "**परिशिष्ट—3**" अनुसार अन्तशेष ₹3104814.05 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः—

| | **बैंक खातों की विवरणीः—** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र.** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वयं सत्रोत/ पांचवा वित्/ एस.डी.पी/ एम.एम.जी.पी.वाई /एस.डी.आर.एफ /वी एम.जे.एस.वाई/टी.एस.सी.(एस .बी.एम.), एस.सी.एस.पी. | के. सी .सी. बैंक देहरा | 20008005456 | 1375583.35 |
| 2 | वी. के .वी .एन. वाई | के.सी.सी.बैंक देहरा | 50055752320 | 121432.00 |
| 3 | एम .पी. लेड | के.सी.सी.बैंक देहरा | 50055778905 | 100709.00 |
| 4 | आर. जी. एस. ए | के.सी.सी.बैंक देहरा | 50070040562 | 3837.00 |
| 5 | आर. ए. वाई | के.सी.सी.बैंक देहरा | 50055753049 | 4399.00 |
| 6 | आई .डब्ल्यू. डी.पी (सेल्फ हेल्फ ग्रुप ) | के.सी.सी.बैंक देहरा | 50068608087 | 116490.00 |
| 7 | पांचवा वित्/जिला परिषद /पचायत समिति | के.सी.सी.बैंक देहरा | 50055768078 | 13008.00 |
| 8 | 13वां वितायोग(ब्याज) | के.सी.सी.बैंक देहरा | 50055768114 | 16176.00 |
| 9 | 14वां वितायोग | के.सी.सी.बैंक देहरा | 50055753061 | 0.00 |
| 10 | 14वां वितायोग | एच.डी.एफ.सी बैंक.देहरा | 50100320844176 | 0.00 |
| 11 | 15 वां वितायोग | एच.डी.एफ. सी बैंक.देहरा | 50100339390740 | 1148004.30 |
| 12 | आई .डब्ल्यू. डी.पी (जनता हिस्सा ) | पी.एन.बी. बैंक देहरा | 4067000100471578 | 194680.00 |
| 13 | आई .डब्ल्यू. डी.पी (पी.एम.के.एस.वाइ) | पी.एन.बी. बैंक देहरा | 4067000100518958 | 10060.80 |
| 14 | हस्तगत शेष (स्वःस्त्रोत की ऑनलाईन रोकड.बही के अनुसार) | | | 434.60 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः— | | | | ₹3104814.05 |

| दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :– | |
|---|---|
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | ₹3096198.75 |
| पंचायत के बैंक खातों/नकद का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेषः– | ₹3104814.05 |
| अन्तरः– | 8615.30 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना**

**(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹0.09 लाख का अन्तर पाया जाना :–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत शिवनाथ द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹8615.30/- का अन्तर बैंक में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/50 दिनांकः–23.01.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–93 दिनांकः–29.01.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणो बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(घ) स्कीम वाईज खाते न खोलने बारेः–**

निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक–15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का निर्देश है।

सचिव, ग्राम पंचायत शिवनाथ द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "3"** व बैंक खातो के अंकेक्षण में पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे, बल्कि स्वःस्त्रोत, पांचवा वित,एस.डी.पी,टी.एस.सी/एस.बी.एम,एम.एम.जी.पी.वाई,एस.डी.आर.एफ,वी.एम.जे.एस.वाई व एस.सी.एस.पी आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमों एवं निर्देशो के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20008005456 खोला गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता एवं नियमों/निर्देशों के

विपरीत होने के कारण आपतिजनक है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/55 दिनांकः—24.01.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या—93 दिनांकः—29.01.2025 द्वारा अवगत करवाया कि स्कीम वाईज खातों का अनुसंधारण कर दिया जायेगा।

अतः नियमानुसार स्कीम वाईज खातो का संचालन न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय—समय पर जारी दिशा—निर्देशो अनुसार ही बैंक खातो का रख—रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**(ड.) लेखा खाता/खाता बही तैयार न करनाः—**

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप—7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 2022—23 व 2023—24 की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के व्यय वाउचरों से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी—कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ था तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं:—

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर सं0/दिनांक | बिल सं0,मस्ट्रोल सं0/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15वां वित | 2/18.5.2022 | 650/01.06.2022 | निर्माण ड्रेन वेस्ट वाटर नन्द लाल,संत राम इत्यादि की वार्ड—3 | 10659 |
| 2 | मनरेगा | 2/19.05. 2022 | 99/15.02.2022 | निर्माण लिंक रोड घुंघर मार्ग से देशवीर के घर तक रसुही वार्ड—3 | 116290 |
| 3 | मनरेगा | 6,7,8,9,10/2 1.05.2022 | 003,004,2082,705, 318/25.11.21,15. 12.2021 | निर्माण एम्बुलेन्स रोड लिंक रोड कैपटन देव राज गटारन भंगोला फेज.1 वार्ड—4 | 255050 |
| 4 | मनरेगा | 19/06.05. | मस्ट्रोल—289 | निर्माण एम्बुलेन्स रोड रूप | 16324 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2022 | | सिंह के घर से तालाब गांव भंगोला वार्ड–4 | |
| 5 | मनरेगा | 24/21.05. 2022 | मस्ट्रोल –754 | निर्माण एम्बुलेन्स रोड भंगोला से निहाल पेठ वार्ड–4 | 19716 |
| 6 | मनरेगा | 23/07.05. 2022 | मस्ट्रोल –381 | निर्माण रूफ रेन वाटर हारवेस्टिगं टैंक कुशल शर्मा वार्ड–4 | 16536 |

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व अनुदानो से प्राप्त की गई आय की भी लेखा खाता/खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी, जोकि अनियमित तथा आपतिजनक है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/72 दिनांकः–29.01.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–93 दिनांकः–29.01.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अवधि की खाता बहियों/लेखा खातों को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त अवधि की खाता बही/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाता बही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाता बही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जायें व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 4.2 अनुदान 14वां वितायोग के अंतर्गत शेष बची राशि ₹2.64/– लाख को ग्राम पंचायत द्वारा सभा निधि में अनियमित हस्तांतरण करने बारे :–

विशेष सचिव (RD&PR) हि0 प्र0 सरकार के पत्र संख्या No.I/518921/2024 PCH-HC(1) e-PRI दिनांक 21.11.2024 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों अनुसार 14वें वित के अंतर्गत ई–ग्रामस्वराज पोर्टल पर व्यय करने की समयबद्धता को 31 मार्च 2025 तक बढा दिया गया है।

वर्तमान अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार 14वां वित्तायोग से राशि ₹2,64,462.30/– का हस्तांतरण सभा निधि में किया गया है, जोकि समय–2 पर जारी एवं उक्त दिशा–निर्देशों की अवहेलना है। इसके अतिरिक्त उक्त हस्तांतरित राशि से

सम्बन्धित फण्ड हस्तांतरण आदेश या सक्षम अधिकारी द्वारा पारित आदेशो से सम्बन्धित अभिलेखो को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया है:–

| क्र0सं0 | अनुदान | दिनांक | बैंक | खाता संख्या | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 14वां वित | 02.04.2022 | एच.डी.एफ.सी बैंक.देहरा | 50100320844176 | 239333.00 |
| 2. | 14वां वित | 08.04.2022 | के.सी.सी.बैंक देहरा | 50055753061 | 17.00 |
| 1. | 14वां वित | 29.03.2023 | एच.डी.एफ.सी बैंक.देहरा | 50100320844176 | 25112.30 |
| | | | | कुल | **264462.30** |

अत उक्त किये गए अनियमित हस्तांतरण बारे सम्पूर्ण समर्थित अभिलेखो सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा उक्त को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए व यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फण्ड हस्तांतरण आदेशो उपरान्त ही हस्तांतरण करना सुनिश्चित किया जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 5 निवेश न करने बारे:–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹6,56,945.05 से ₹13,75,583.35 तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पडा है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/72 दिनांक: 29.01.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–93 दिनांक 29.01.2025 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति में हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप–1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जायें।

**6 अनुदान की राशि ₹22.53 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः—**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/47 दिनांकः—20.01.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना, जो कि **परिशिष्ट—1 व परिशिष्ट—2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31—03—2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹2252614.10/— की राशि उपयोग हेतु शेष थीः—

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 5वां वित | 31.03.2024 | 325556 |
| 2 | वी.के.वी.एन.वाई | 31.03.2024 | 121432 |
| 3 | एम.पी.लेड | 31.03.2024 | 100709 |
| 4 | आर.जी.एस.ए | 31.03.2024 | 3837 |
| 5 | एस.डी.आर.एफ | 31.03.2024 | 77877 |
| 6 | एस.डी.पी | 31.03.2024 | 0 |
| 7 | आई.डब्लयू.डी.पी | 31.03.2024 | 321230.80 |
| 8 | वी.एम.जे.एस | 31.03.2024 | 100 |
| 9 | आर.ए.वाई | 31.03.2024 | 3902 |
| 10 | एम.एम.जी.पी.वाई | 31.03.2024 | 111 |
| 11 | एस.सी.एस.पी | 31.03.2024 | 69150 |
| 12 | टी.एस.सी/एस.बी.एम | 31.03.2024 | 75705 |
| 13 | 14वॉं वित्त | 31.03.2024 | 0 |
| 14 | 15वॉं वित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 1153004.30 |
| | | **कुल जोड** | **2252614.10** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/51 दिनांक–23.01.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–93 दिनांकः–29.01.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि शेष/अनुपयोग अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**पंचायत राजस्व से प्राप्त आयः–**

**7 सम्पति कर/गृहकर की राशि ₹0.16 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत(Outstanding)नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/47 दिनांकः–20.01.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹15950**/– की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की राशि का बिना पर्याप्त कारणो के शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/52 दिनांकः–23.01.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 93 दिनांकः–29.01.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके, भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए एवं कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 8 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.06/– लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाकर पंचायत निधि में अनियमित रूप से जमा करने बारेः–

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः–04.10.2016 के अंतर्गत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/47 दिनांकः–20.01.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना अनुसार ग्राम पंचायत शिवनाथ द्वारा वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान राशि ₹6000 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई ,परन्तु उसे सरकारी कोष में जमा न करवाकर पंचायत के निधि खाते में जमा करवाया गया था, जोकि अनियमित ही नहीं बल्कि आपतिजनक है।

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/53 दिनांकः–23.01.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत शिवनाथ के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– 93 दिनांकः–29.01.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 9.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹0.29 लाख के स्टॉक का क्रय करनाः–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा क्रय हेतु किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश ,निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित है।

ग्राम पंचायत शिवनाथ के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा, संलग्न **परिशिष्ट "6"** के अनुसार ₹28770/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था, फलस्वरूप क्रय सामग्री के मांग अनुरूप होने की अंकेक्षण में पुष्टि न

सकी जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे यह भी स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/68 दिनांकः–28.01.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 93 दिनांकः–29.01. 2025 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया जायेगा, प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए इसे सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**9.2 क्रय किये गये सामान राशि ₹7.87/– लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न करनाः–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत शिवनाथ के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरो के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न परिशिष्ट–6 पर संकलित राशि ₹7,86,959/– के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टाक रजिस्टरो में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका। फलस्वरूप अंकेक्षणावधि में क्रय समस्त सामग्री के उचित लेखांकन के अभाव में उसके दुर्विनियोजन की सम्भावना से अंकेक्षण में इनकार नहीं किया जा सकता है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/69 दिनांकः–28.01.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–93 दिनांकः–29.01.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि सामग्री का मदवार स्टाक रजिस्टर में इन्द्राज कर लिया जायेगा। प्रस्तुत उतर तथ्यरहित एवं नियम प्रावधानो के प्रतिकूल होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः क्रय किये गये प्रत्येक सामान का मदवार पारदर्शी इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**9.3 खनन सामग्री बिलो के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹7.69/– लाख का अनियमित भुगतान करने बारे:–**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा,परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हे भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा/उपलब्ध करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि हेतु चयनित मासो के व्यय वाउचरो के अंकेक्षण व सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "7"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी,पत्थर इत्यादि वैध स्त्रोत से आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹7,68,859/– का अनियमित भुगतान किया गया एवं पूर्वोक्त नियम ,प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/70 दिनांकः–28.01.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–93 दिनांकः–29.01.2025 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय वैध टांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना ही किया गया है व उक्त व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है। वर्तमान समय से उक्त फॉर्म प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जा रहा है ,प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया। क्योंकि उपरोक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन निर्माण सामग्री हेतु आपूर्तिकर्ताओं को नियमो के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानो को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा

ऐसे सभी प्रकरणों को संबंधित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**10 विभिन्न निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में राशि ₹4.57/– लाख के अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे:–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित सुसंगत अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि हेतु चयनित मास 05/2022 व 06/2023 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार राशि ₹4,56,547/–का भुगतान किया गया था, परन्तु निम्न निर्माण कार्यों के सन्दर्भ में अंकेक्षण हेतु वांछित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं कियें गए, जिसके अभाव मे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका एवं कृत व्यय को सन्देहास्पद बनाता है:–

| क्र0सं0 व अनुदान | वाउचर सं0/ दिनांक | बिल संख्या/ दिनांक | कार्य का नाम | भुगतान राशि (₹) | वांछित अभिलेख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.15वां वित | 2/18.5. 2022 | 650/01.06. 2022 | निर्माण डेन वेस्ट वाटर नन्द लाल,संत राम इत्यादि की वार्ड–3 | 10659 | पुस्तिका,34–सी |
| 2.मनरेगा | 2/19.05. 2022 | 99/15.02.2022 | निर्माण लिंक रोड घुंघर मार्ग से देशवीर के घर तक रसुही वार्ड–3 | 116290 | स्वीकृति पत्र,माप पुस्तिका ,34–सी |
| 3.मनरेगा | 6,7,8,9,10 /21.05. 2022 | 003,004,2082,705,318/25.11. 21,15.12.2021 | निर्माण एम्बुलेन्स रोड लिंक रोड कैपटन देव राज गटारन भंगोला फेज.1 वार्ड–4 | 255050 | स्वीकृति पत्र, प्राक्कलन , माप पुस्तिका 34–सी |
| 4.मनरेगा | 19/06. 05.2022 | मस्ट्रोल–289 | निर्माण एम्बुलेन्स रोड रूप सिंह के घर से तालाब गांव भंगोला वार्ड–4 | 16324 | माप पुस्तिका, 34–सी |
| 5.मनरेगा | 24/21. | मस्ट्रोल –754 | निर्माण एम्बुलेन्स रोड | 19716 | माप पुस्तिका, |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 05.2022 | | भंगोला से निहाल पेठ वार्ड–4 | | 34–सी |
| 6.मनरेगा | 23/07. 05.2022 | मस्ट्रोल –381 | निर्माण रूफ रेन वाटर हारवेस्टिगं टैंक कुशल शर्मा वार्ड–4 | 16536 | माप पुस्तिका, 34–सी |
| 7.मनरेगा | निल/6.6. 2023 | मस्ट्रोल –816 | निर्माण एम्बुलेन्स रोड लिंक रोड कांगू सूडा तालाब वार्ड–5 | 21972 | माप पुस्तिका, 34–सी |
| | | | **कुल योग** | **456547** | |

वांछित अभिलेखो को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने बारे सचिव ग्राम पंचायत शिवनाथ से अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/67 दिनांकः–27.01.2025 द्वारा आग्रह किया गया। जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 93 दिनांक 29.01. 2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त राशि की माप–पुस्तिकाओं व अन्य अभिलेखो को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः सचिव द्वारा उपरोक्त अभिलेखो को अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना एक गम्भीर अनियमितता है, जिसका औचित्य उक्त वर्णित नियमानुसार तथ्यो सहित स्पष्ट किया जाये व नियमानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही सहित अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षाणार्थ प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 11 राशि ₹0.08/– लाख के बिल/वाउचर प्रस्तुत न करने बारेः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत किये जाने अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि हेतु चयनित मास 05/2022 के व्यय के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार राशि **₹7596**/–का भुगतान किया दर्शाया गया था, जिसके बिल/वाउचरों को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, जो कृत व्यय को सन्देहास्पद बनाता है, यह एक गम्भीर वित्तीय अनियमितता हैः–

| क्र0सं0 | मद/अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | विवरण | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वी.के.वी.वाई. एन | 3/30.05.2022 | सीमेंट भाडा लेबर सहित | शून्य | 2416 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | एम.पी.लेड | 3/30.05.2022 | सीमेंट भाडा लेबर सहित | शून्य | 2220 |
| 3. | 14वां वित | 5/30.05.2022 | सीमेंट भाडा लेबर सहित | शून्य | 2960 |
| | | | कुल | | 7596 |

